**दिनांक 2 जुलाई, 2004 को उत्तरांचल जैविक उत्पाद् परिषद्, वसन्त विहार, देहरादून के सभागार में उत्तरांचल बांस एवं रेशा विकास परिषद् की तृतीय कार्यकारिणी की संपन्न हुई बैठक के कार्यवृत्त**

**उपस्थित सदस्य**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | डा0 आर0 एस0 टोलिया | मुख्य सचिव, उत्तरांचल शासन | अध्यक्ष |
| 2. | श्रीमती विभा पुरी दास | प्रमुख सचिव / वन एवं ग्राम्य विकास आयुक्त उत्तरांचल शासन | उपाध्यक्ष, |
| 3. | श्री बी0 एस0 बर्फाल | प्रमुख वन संरक्षक, उत्तरांचल | सदस्य |
| 4. | श्री एस0 टी0 एस0 लेप्चा | वन संरक्षक / मुख्य कार्यकारी अधिकारी | पदेन सचिव, |
| 5. | श्री राजीव ओबराय | मुख्य कार्यकारी अधिकारी, सोसायटी ऑफ पीपल फॉर डेवलपमेंट, देहरादून | सदस्य |
| 6. | श्री अजेन्दर सिंह चावला | प्रतिनिधि सिबार्ट, नई दिल्ली | |

**अन्य उपस्थित अधिकारी**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | श्रीमती बीना सेखरी | मुख्य वन संरक्षक गढ़वाल एवं नोडल अधिकारी बायो–फ्यूल। |
| 2. | श्री जगदीश सिंह | निदेशक, रेशम विभाग, देहरादून। |
| 3. | श्री एस0 एम0 जोशी | प्रभागीय वनाधिकारी, मसूरी वन प्रभाग, देहरादून। |
| 4. | श्री अरूण पांधी | प्रोग्राम मैनेजर सर रतन टाटा ट्रस्ट, मुम्बई। |
| 5. | श्री विमल धीमान | तकनीकी समन्वयक, उ0बां0रे0वि0प0, देहरादून। |

***मद संख्या – 1*** ***उत्तरांचल बांस एवं रेशा विकास परिषद् कार्यकारिणी की द्वितीय बैठक दिनांक 21.11.2003 के कार्यवृत्त से अवगत होना***

कार्यकारिणी अवगत हुई.

***मद संख्या – 2*** ***उत्तरांचल बांस एवं रेशा विकास परिषद् की कार्यकारिणी की द्वितीय बैठक पर की गई कार्यवाही का संक्षिप्त विवरण***

द्वितीय बैठक के कार्यवृत्त पर की गई कार्यवाही को कार्यकारिणी द्वारा सर्वसम्मति से अनुमोदित किया गया.

***मद संख्या – 3*** ***सर रतन टाटा ट्रस्ट हेतु आजीविका विकास प्रस्ताव***

सर रतन टाटा ट्रस्ट, मुंबई को प्रेषित की जाने वाली परियोजना को कार्यकारिणी द्वारा सर्वसम्मति से अनुमोदित किया गया.

3.1 उक्त परियोजना में कुशल सहभागिता के लिए कार्यकारिणी में सर रतन टाटा ट्रस्ट के दो सदस्यों को नामित किए जाने के प्रस्ताव को कार्यकारिणी ने सर्वसम्मति से अनुमोदित किया।

3.2 उक्त परियोजना के प्रथम चार माह के उपरांत आगामी तीन वर्षों के लिए परियोजना स्वीकृत हो जाने पर प्रारम्भिक चरण में चुने गए स्टाफ को वार्षिक संविदा के आधार पर लिए जाने के प्रस्ताव को कार्यकारिणी ने सर्वसम्मति से अनुमादित किया।

*मद संख्या – 4* ***वित्तीय वर्ष 2003–04 के वार्षिक लेखे***

कार्यकारिणी द्वारा सर्वसम्मति से अनुमोदन किया गया.

*मद संख्या – 5* ***तकनीकी सलाहकार का चयन***

श्री विजय सक्सेना, प्रो0 मै0 शिल्पिन, भोपाल को परिषद् में तकनीकी सलाहकार के रूप में मनोनीत किए जाने के प्रस्ताव का कार्यकारिणी द्वारा सर्वसम्मति से अनुमोदन किया गया.

*मद संख्या – 6* ***प्रशासनिक एवं वित्तीय अधिकारों का प्रतिनिधायन (Delegation of Power)***

परिषद् द्वारा संचालित एस.आर.टी.टी. स्मॉल ग्रांट स्कीम तथा विभिन्न योजनाओं के लिये प्राप्त धनराशि को स्वीकृत मदों के अनुरूप व्यय करने हेतु वित्तीय तथा प्रशासनिक अधिकारों का प्रतिनिधायन मुख्य कार्यकारी अधिकारी को दिये जाने के प्रस्ताव का कार्यकारिणी द्वारा सर्वसम्मति से अनुमोदन किया गया.

*मद संख्या – 7* ***अन्य मद जिन पर बैठक के दौरान चर्चा हुई निम्नलिखित हैं:***

1. मुख्य सचिव द्वारा बांस से बने सस्ते गृह निर्माण हेतू सुझाव दिया गया कि उधमसिंह नगर के सितारगंज में बंगाली मूल के कई लोग इस कला में निपुण हैं एवं उन्हे इस संबंध में और प्रशिक्षित करके मास्टर ट्रेनरों के रूप में तैयार किया जा सकता है। इसके अलावा उन्होने कहा कि इनबार सरीखी अन्तर्राष्ट्रीय संस्थाओं के ज्ञान का उपयोग भी करना चाहिए।

2. कॉरपस फंड के संबंध में मुख्य सचिव द्वारा निर्देशित किया गया कि समस्त परिषदों को अपने कॉरपस फंड सृजित करने चाहिए ताकि भविष्य में बिना किसी वाहय सहायता के निर्धारित कार्य सुचारू रूप से चलते रहें।

3. श्री अरूण पांधी, सर रतन टाटा ट्रस्ट का सुझाव था कि निजी कम्पनियों के बांस एवं बायो–फ्यूल के रोपण हेतू बड़ी मात्रा में निवेश एक अच्छा संकेत है

परन्तु परिषद् एवं राज्य सरकार को सजग हो कर कार्य करना होगा। इनके लम्बे समय तक टिके रहने के लिए यह आवश्यक है कि समस्त प्रक्रियाओं में पारदर्शिता रखी जाए एवं संपूर्ण कार्यक्रम में राज्य सरकार एवं परिषद् एक सुगमकर्ता के रूप में अपना भरपूर योगदान दें। कार्यक्रम का अनुश्रवण भी उसी अनुसार किया जाना चाहिए ताकि कालांतर में किसी भी प्रकार का विवाद न हो। ऐसे सिस्टम प्रारम्भ से ही बनाने होंगे जिनसे बाद में किसी प्रमुख अधिकारी के स्थानांतरित होने अथवा राजनीतिक फेरबदल से परिषद् की गतिविधियों पर प्रभाव न पड़े।

4. मुख्य सचिव द्वारा अवगत कराया गया कि डी.एम.एम.सी. के पास आपदा प्रबंधन के मद में भूकम्प रोधी मकान बनाने हेतू पर्याप्त धन उपलब्ध है। बांस से चूंकि सस्ते भूकम्प रोधी मकान बनाए जा सकते हैं अतः परिषद् प्रदर्शन के लिए कुछ भूकम्प रोधी मकान बनाने हेतू प्रोजेक्ट बना कर उनके माध्यम से डी.एम.सी.सी. को प्रेषित करे। वन एवं ग्राम्य विकास आयुक्त ने सुझाव दिया कि उक्त मद में भूकम्प रोधी मकान बनाने हेतू प्रशिक्षण भी आयोजित कर बांस मिस्त्री तैयार किए जा सकते हैं अतः परिषद् इस हेतू भी प्रस्ताव तैयार कर डी.एम.एम.सी. को प्रेषित करे।

5. वन एवं ग्राम्य विकास आयुक्त ने सुझाव दिया कि परिषद् को प्रत्येक वर्ष कम से कम एक बड़ा आयोजन अवश्य करना चाहिए, जिसमें विभिन्न प्रशिक्षणों में बने उत्पादों को प्रदर्शित किया जा सके। उन्होंने कहा कि परिषद् नवम्बर में आयोजित किए जाने वाले उत्तरांचल स्थापना दिवस में भी अपने उत्पादों को प्रदर्शित करे। इसके अलावा उत्तरांचल में विभिन्न देशी एवं विदेशी प्रतिनिधि मण्डल आते रहते हैं तथा यहां से यादगार के रूप में यहां की बनी वस्तुएं ले जाना चाहते हैं, अतः परिषदें बांस, रिंगाल एवं रेशों से बनी वस्तुएं तथा जैविक उत्पाद, उत्तरांचल चाय इत्यादि को ऐसे प्रतिनिधि मण्डलों हेतू तैयार कर सकती हैं।

6. प्रमुख वन संरक्षक द्वारा कुछ मुख्य मुद्दों पर अपने विचार रखते हुए कहा कि बांस के साथ रेशों को भी प्राथमिकता दी जानी चाहिए एवं इनके विकास हेतू भी वृहद् योजना तैयार की जानी चाहिए। परिषद् के पास अधिक से अधिक विकल्प होने चाहिए, ताकि किसी एक के असफल होने पर दूसरे के सहारे आगे बढ़ा जा सके। उन्होंने आगे कहा कि बांस प्रारम्भिक

अवस्था में बहुत नाजुक होता है तथा इसे जंगली जानवरों के अलावा घरेलू पशुओं से भी चरान का खतरा हो सकता है। इसलिए बांस के साथ जैट्रोफा का अंतर्रोपण करना चाहिए।

7. मुख्य सचिव ने यह भी सुझाव दिया कि समस्त परिषदों के मध्य नेटवर्किंग को बढ़ावा देना चाहिए।

अन्त में अध्यक्ष महोदय ने समस्त उपस्थित सदस्यों एवं अन्य अधिकारियों को धन्यवाद देते हुए बैठक समाप्त होने की घोषणा की।

एस0 टी0 एस0 लेप्चा
वन संरक्षक/ मुख्य कार्यकारी अधिकारी/पदेन सदस्य सचिव
उत्तरांचल बांस एवं रेशा विकास परिषद्
देहरादून

**अनुमोदित**

डा0 आर0 एस0 टोलिया
मुख्य सचिव, उत्तरांचल शासन
एवं पदेन अध्यक्ष, उत्तरांचल बांस एवं रेशा विकास परिषद्
देहरादून

(डा. आर.एस. टोलिया)
मुख्य सचिव
उत्तरांचल शासन

Uttaranchal Bamboo & Fiber Development Board

# 3rd Executive Committee Meeting

## Attendence Sheet

**Uttaranchal Bamboo and Fiber Development Board**

**Dehradun**

Venue: UOCB Meeting Hall, Dehradun

Date: 2nd July, 2004
Time: 3:30 PM

| S. No. | Name | Designation | Signature |
|---|---|---|---|
| 1. | Dr. R.S. Tolia | Chief Secretary Uttaranchal & Chairperson Ex-officio | [signature] |
| 2. | Mrs. Vibha Puri Das | FRDC, Uttaranchal and Vice-Chairperson Ex-officio | [signature] |
| 3. | Sh. B.P. Pandey | Sec. Forest & Env. & Member Ex-officio | |
| 4. | Rajeev Bhartari | Secretary, SPD Dehradun | [signature] |
| 5. | Dr. B.S. Burfal PCCF, UA. | PCCF, UA | [signature] |
| 6. | Arun Pandhi | Sir Ratan Tata Trust, Mumbai | [signature] |
| 7. | S.T.S. Lepcha | CF/CEO UBFDB | [signature] |

Uttaranchal Bamboo & Fiber Development Board

# 3rd Executive Committee Meeting

## Attendence Sheet

**Uttaranchal Bamboo and Fiber Development Board**

**Dehradun**

Venue: UOCB Meeting Hall, Dehradun

Date: 2nd July, 2004
Time: 3:30 PM

| S. No. | Name | Designation | Signature |
|---|---|---|---|
| 8. | Dr Jagdish Singh | Director (SERICULTURE) | [signature] |
| 9. | Veena Sekhri | Chief Conservator of forests (G) & Nodal officer Biofuels | [signature] |
| 10. | S M Joshi | DFO Mussoorie | [signature] |
| 11. | Ajinder Singh | LC, UBFDB Reps. CIBART | [signature] |
| 12. | Vimal Dhiman | TL, UBFDB | [signature] |
| 13. | | | |
| 14. | | | |